हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 16 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 42 .4 डिग्री
न्यूनतम 22 .3 डिग्री

11 किरमारा में नई लाइब्रेरी में घटिया सामग्री का प्रयोग का..



12 मोक्ष वृद्धाश्रम में विश्व परिवार दिवस पर बुजुर्गों...



## खबर संक्षेप

### भाजपा आज निकालेगी तिरंगा यात्रा

**हिसार।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देशभक्ति की भावना और सेना के प्रति सम्मान के भाव को प्रकट करने के उद्देश्य से शुक्रवार को हिसार में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। तिरंगा यात्रा में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, राज्यसभा सांसद किरण चौधरी, विधायक रणधीर पनिहार, पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता, महापौर प्रवीण पोपली, जिलाध्यक्ष आशा खेदड़ सहित बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल होंगे। सामाजिक संस्थाओं द्वारा निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा सुबह 8:30 बजे आजाद नगर से आरंभ होगी। पुष्प वर्षा के साथ यात्रा का शुभारंभ होगा। यात्रा का समापन लघु सचिवालय परिसर स्थित शहीद स्मारक पर होगा।

### बाल भवन में 1 जून से होगा समर कैंप आयोजित

**हिसार।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की जिला शाखा बाल भवन, हिसार द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी समर कैंप 2025 का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप 01 जून से शुरू होगा, जिसमें बच्चे, वयस्क लड़कियां और महिलाएं ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान रचनात्मक और प्रदर्शनकारी गतिविधियों में भाग ले सकेंगे। जिला बाल कल्याण अधिकारी विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके अवकाश के समय का सदुपयोग करने का अवसर प्रदान करना है।

### सरेआम जुआ खेलते हुए 5 व्यक्ति गिरफ्तार

**हांसी।** स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस ने ताश के पत्तों द्वारा सरेआम जुआ खेलते हुए 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस को दौराने गश्त पड़ताल सूचना मिली थी की उमरा गांव में कुछ लोग ताश पत्तों के साथ सरेआम जुआ खेल रहे है। सूचना के आधार पर स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मौके पर उमरा निवासी दयानन्द संदीप, मुकेश व राजा तथा भिवानी जिले के गांव रोहनात निवासी राजेन्द्र को 16000 रुपये की नगदी व ताश के पत्तों सहित गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सदर थाना हांसी में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### तैयार हो रहे युवक की हार्टअटैक से मौत

**हांसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गांव गढ़ी में गुरुवार सुबह एक 32 वर्षीय युवक राजेश की हार्टअटैक से मौत हो गई। राजेश गांव में ही मेहनती मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। सूचना मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर मृतक के भाई देवेन्द्र के बयान पर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। नागरिक अस्पताल में मौजूद मृतक भाई देवेन्द्र ने बताया कि राजेश गांव में मेहनत मजदूरी करता और हमेशा की तरह गुरुवार सुबह भी काम पर जाने की तैयारी कर रहा था। कि इसी दौरान उसने बताया कि सीने में तेज दर्द की बात कही परिवार के लोग उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### वेतन नहीं मिलने से दुखी कर्मचारी ने फांसी लगाई

**उकलाना।** रेलवे क्वार्टर के पास पेड़ से फंदा डालकर नगरपालिका में कार्यरत सफाई कर्मचारी 45 वर्षीय सोहन ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। उधर, मृतक सोहन के भाई मोहन लोहट का आरोप है कि वह नगर पालिका में सफाई कर्मचारी का कई महीनों से वेतन नहीं मिला, इस कारण परेशान चल रहा था। इस परेशानी के चलते उसने यह कदम उठाया। मृतक अपने पीछे दो बेटियां छोड़ गए हैं।

## निगम के कर्मचारियों को लेर पुलिस हमेशा खामोश रहती है

# पशु पालकों ने निगम कर्मचारी के घर जाकर दी धमकी, गमले तोड़े, की गाली-गलौच

### अभी दर्ज नहीं किया केस, निगम की ओर से एसपी को भेजी जाएगी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

नगर निगम की पशु पकड़ो टीम के इंचार्ज रहे राहुल सैनी के घर जाकर कुछ लोगों द्वारा गाली-गलौच करने व उन्हें धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। राहुल ने सीसीटीवी फुटेज सौंपकर पुलिस को पूरे मामले की शिकायत की है। पशुपालकों द्वारा निगम कर्मचारी के घर जाकर उसे धमकी देने के मामले में अभी तक कार्रवाई न होने से पुलिस की कार्रवाई पर भी उंगली उठने लगी है। बताया जा रहा है कि नगर निगम की पशु पकड़ो टीम के इंचार्ज रहे राहुल सैनी को कुछ समय पहले ही इस पद से हटाकर कहीं अन्य जगह लगाय गया था।

उनके नेतृत्व में पिछले काफी समय से शहर में विभिन्न स्थानों पर पशु को पकड़ा गया, जिससे पशु पालक उनसे नाराज बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार रात्रि कुछ लोग राहुल के घर पहुंचे और जोर-जोर से गाली गलौच करते हुए उन्हें धमकी दी। इस दौरान इन लोगों ने उनके घर में रखे एक दो गमले भी तोड़ डाले। इन लोगों द्वारा धमकी दिए जाने का पूरा मामला सीसीटीवी में कैद हो गया है। राहुल ने सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपकर धमकी देने वाले आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। अभी तक पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया है।



**हिसार।** पशुपालकों द्वारा निगम कर्मचारी के घर तोड़ा गया गमला।

### निगम कर्मचारियों पर पहले भी हो चुके हमले

- 19 नवंबर 2024 को बड़वाली ढाणी में पुलिस के सामने तेजधार हथियार के बल पर निगम कर्मचारियों के कब्जे से छुड़वाए पशु, जान से मारने की धमकी दी।
- 23 दिसंबर 2023 को 12 क्वार्टर रोड पर निगम कर्मचारियों पर हमला कर तीन पशुओं को छुड़वा ले गए।
- 19 जुलाई 2023 को न्यू मॉडल टाउन में पशुपालकों ने निगम की गाड़ी को टक्कर मारी, पुलिसकर्मी को थप्पड़ जड़ा फिर पशु छुड़ा ले गए।
- 15 फरवरी 2023 को महाबीर कॉलोनी पशु पकड़ने वाली टीम को धमकी दी, एक कर्मचारी पर हमलाकर उसे घायल किया।
- 27 सितंबर 2022 को कैमरी रोड स्थित महेश नगर में दो पशुपालक निगम कर्मचारियों पर ईंटें बरसाकर गायों को छुड़वा ले गए।
- 9 सितंबर 2021 को सैनियान मोहल्ला में पशुपालक पुलिस कर्मचारी को दबोचकर 30 गायों को छुड़वा ले गए।
- 23 जून 2021 को सेक्टर-14 में पशुपालकों ने झगड़ा कर टीम के कब्जे से पशु छुड़वाए

### पुलिस की भूमिका संदिग्धः राहुल

उधर, पीडित निगम कर्मचारी राहुल सैनी का कहना है कि इस मामले में पुलिस की भूमिका संदिग्ध है। रात को घटना हुई लेकिन अभी तक केस दर्ज नहीं हुआ है। घटना के बाद पुलिस धमकी देने वाले तीन लोगों में से दो को मौके से पकड़कर चौकी में ले गई और उन्हें भी शिकायत दर्ज करवाने के लिए बुला लिया। यहां पर उन्होंने देखा कि आरोपी मोबाइल चलाते हुए खुले घूम रहे थे और चौकी में ही उनके साथ गाली-गलौच कर रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास नहीं किया।

### पुलिस भी बोली पशु क्यों पकड़ते हो

राहुल का आरोप है कि चौकी में उनकी शिकायत दर्ज करने की बजाय पुलिस उसे ही समझाने लगी कि पशु क्यों पकड़ते हो, दुधारू पशु मत पकड़ा करो, आवारा पशुओं को पकड़ा करो। और तो और पुलिस ने यह भी कहा कि तुम लोग एक स्थान से पशु पकड़ते हो और दूसरे स्थान पर छोड़ देते हो, दूसरे स्थान से पशु पकड़कर अगले स्थान पर छोड़ देते हो, ये कोई काम थोड़ा है।

### डायल 112 ने उठाई महम की लोकेशन

राहुल ने बताया कि रात को लगभग पौने 12 बजे ये लोग उसके घर आए और धमकी देने लगे। उन्होंने डायल 112 पर फोन किया तो कंट्रोल रूम को समझ ही नहीं आया कि हिसार कहां है। जब उन्हें पूरा मामला समझाया गया तो डायल 112 ने महम की लोकेशन उठाई। काफी देर बात दोबारा फोन करने पर जब डायल 112 पर फोन करके समझाया गया तो पुलिस पहुंच तो गई लेकिन घर से 100 मीटर दूर खड़े रहकर कर्मचारी बोले कि घर से बाहर आ जाओ।

### अतिरिक्त आयुक्त ने भिजवाई पुलिस

राहुल ने बताया कि जब डायल 112 की पुलिस ने उसे ही घर से बाहर आने को बोला तो उन्होंने निगम की अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल को घटना की जानकारी दी। उक्त अधिकारी ने पुलिस अधिकारियों से बातचीत करके पुलिस भिजवाई।

### दो को किया काबू, एक फरार

राहुल का दावा है कि मौके पर पहुंची पुलिस ने धमकी देने व गाली-गलौच करने वालों में से दो को मौके पर ही काबू कर लिया और एक आरोपी फरार हो गया। इसके बावजूद पुलिस ने अभी तक केस दर्ज नहीं किया है। उन्होंने बताया अब इस बारे निगम की ओर से पुलिस कप्तान को मामले की शिकायत की जाएगी।

## कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी आज हिसार में

*हिसार। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी 16 मई को हिसार दौरे पर रहेंगे। नगराधीश हरिराम ने बताया कि कैबिनेट मंत्री सुबह 11 बजे लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में एससी/एसटी की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देंगे। इसके उपरांत वे बीजेपी कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को भी संबोधित करेंगे। संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय एवं स्थान पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।*



**बरवाला।** जींद रोड पर बनाई जा रही अवैध कॉलोनी में पीला पंजा कच्ची सड़कों को तहस नहस करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## जींद रोड पर बन रही अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा

- कार्रवाई से कालोनाइजरों में मचा हड़कंप, मौके पर नहीं पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭बरवाला

जिला नगर योजनाकार विभाग ने बरवाला के जींद रोड पर इंडियन पेट्रोल पंप के सामने काटी जा रही अवैध कॉलोनी में बन रही कच्ची सड़कों पर पीला पंजा चला कर कच्ची सड़कों को तहस नहस कर दिया। इस दौरान किसी भी कॉलोनाइजर ने मौके पर आने की जहमत तक नहीं उठाई और ना ही किसी ने इस बारे कोई एतराज जताया। मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई थी। यह कार्रवाई जिला नगर योजनाकार दिनेश सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को की गई और ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) एसडीई रणसिंह मौजूद रहे। जिला नगर योजनाकार द्वारा यह पीला पंजा तीन एकड़ में बनाई जा रही अवैध कॉलोनी में चलाया गया। इस अवैध कॉलोनी में पीला पंजा चलने की खबर जैसे ही कॉलोनाइजरों को पता चली तो कॉलोनाइजरों में हड़कंप मच गया और वो दूर खड़े होकर एक दूसरे से इस अवैध कॉलोनी में चल रहे पीले पंजे के बारे में जानकारी लेते देते नजर आए। जिला नगर योजनाकार दिनेश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि कालोनाइजरो को इस बारे में नोटिस दिए गए थे परंतु ये कॉलोनाइजर अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। उन्होंने उन नोटिसों का कोई जवाब नहीं दिया तो जिला नगर योजनाकार ने अपनी कार्रवाई की।

## गुजवि में इंटीग्रेटिड बीएससी-एमएससी साइबर सिक्योरिटी कार्यक्रम हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



प्रो. नरसी राम बिश्नोई, कुलपति।

- पाठ्यक्रम में प्रारंभिक चरण में 50 सीटों की व्यवस्था

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस विभाग द्वारा 'इंटीग्रेटिड बीएससी-एमएससी. कंप्यूटर साइंस' (साइबर सिक्योरिटी)' पाठ्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस अभिनव पाठ्यक्रम में प्रारंभिक चरण में 50 सीटों की व्यवस्था की गई है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर सिक्योरिटी कोर्स की मांग को देखते हुए यह कोर्स शुरु किया गया है। इस क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए वैश्विक स्तर पर भी अपार संभावनाएं हैं। विश्वविद्यालय के सभी कोर्स रोजगारोन्मुखी हैं। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को कौशलयुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। विभागाध्यक्ष प्रो. धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि यह कोर्स नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप तैयार किया गया है, जिसमें अकादमिक लचीलापन, कौशल आधारित शिक्षा तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण को प्राथमिकता दी गई है। डॉ. अमनदीप ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की भारी मांग है। विशेष उपलब्धि के रूप में विभाग ने हाल ही में 30 ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट आधारित वर्कस्टेशन से युक्त हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग लैब की स्थापना की है। इसके अतिरिक्त, 30 और वर्कस्टेशन की खरीद प्रक्रिया प्रगति में है, जिससे एक और अत्याधुनिक प्रयोगशाला की स्थापना शीघ्र ही की जाएगी।

## अंडर-17 में नॉर्दन स्कूल की टीम रही प्रथम

- 64वीं जिला स्तरीय प्री सुब्रतो कप फुटबॉल 2025-26 खेल प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जिला शिक्षा विभाग द्वारा 64वीं जिला स्तरीय प्री सुब्रतो कप फुटबॉल 2025-26 खेल प्रतियोगिता का आयोजन जाट कॉलेज हिसार व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गंगवा के फुटबॉल ग्राउंड में करवाया गया। लड़कों के अंडर-17 में फाइनल मुकाबला पीएम श्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल गंगवा व नॉर्दन इंटरनेशनल स्कूल आदमपुर के मध्य बहुत ही संघर्षपूर्ण रहा। जिसमें पूरे समय में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी तथा टाइ ब्रेकर में 3 के मुकाबले 4 गोल कर नॉर्दन इंटरनेशनल स्कूल आदमपुर की टीम विजेता बनी। वहीं, लड़कियों के अंडर-17 में पीएम श्री राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंगाली की टीम ने राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल गंगवा की टीम को 3-0 से हराकर विजेता बनी। जिला हिसार की दोनों ही वर्गों की विजेता टीम पानीपत में 20 से 22 मई तक होने वाली राज्यस्तरीय प्री सुब्रतो फुटबॉल कप खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगी।



**हिसार।** खिलाड़ियों से मुलाकात करते अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

उद्घाटन समारोह के जिला शिक्षा अधिकारी वेद सिंह दहिया मुख्य अतिथि रहे व अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी हिसार प्रथम सत्येंद्र सिंह ने की तथा समापन समारोह के उप जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह श्योराण मुख्य अतिथि रहे व अध्यक्षता प्रिंसिपल जय भगवान ने की। इस अवसर पर एईओ खेल कुलदीप मलिक, कोच अश्वनी कुमार, कुलदीप नैन डीपीई, विनय कुमार पीजीटी, कुलदीप माक्कड, रणदेव, नवीन कुमार, कविता पानू, सतीश कुमार, कार्तिक डीपीई, परमवीर, मंजू डीपीई आदि मौजूद रहे।



**हिसार।** भाजपा कार्यालय के समक्ष पुतला फूंकते इनसो कार्यकर्ता।

## नशीले कैप्सूल बरामदगी में सप्लायर किया गिरफ्तार

- अदालत ने पूछताद के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

पुलिस की नशा निरोधक टीम ने कैमरी रोड 33 फुटा रोड से 720 नशीले कैप्सूल बरामदगी मामले में नशीले कैप्सूल सप्लायर मेडिकल स्टोर संचालक जवाहर नगर निवासी संदीप उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया है। एएसआई चांदवीर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने पांच जनवरी को गश्त के दौरान सूचना के आधार पर केमरी रोड 33 फुटा रोड से 33 फुटा रोड निवासी सियाराम को काबू करके उससे 720 नशीले कैप्सूल बरामद किए थे। कैप्सूल को कब्जे में लेकर पुलिस ने सियाराम के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करके उसे गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में सामने आया कि सियाराम ने नशीले कैप्सूल उक्त आरोपी सुरेश टेलर से खरीदे थे। इस पर इस मामले में सुरेश टेलर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी उपरांत सुरेश टेलर से पूछताछ करने पर सामने आया कि उसने ये कैप्सूल मेडिकल संचालक संदीप से खरीदे थे। इस पर संदीप उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया गया है।

### एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया

*जांच अधिकारी एएसआई चांदवीर ने बताया अब तक की जांच में सामने आया कि उक्त आरोपी संदीप उर्फ मोनू जैन गली में यूनाइटेड फार्मा के नाम से मेडिकल स्टोर चलाता है और नशीले कैप्सूल बेचता है। आरोपी संदीप उर्फ मोनू से पूछताछ जारी है। उसे अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।*

### तहबाजारी टीम ने हटवाया अतिक्रमण

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली व निगमायुक्त के निर्देशानुसार शहर से अतिक्रमण हटाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया वीरवार को टीम के द्वारा बालसमंद रोड, आजाद नगर मेन रोड, जीजेयू सिटी गेट के सामने और नागोरी गेट के पास से अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान तहबाजारी टीम द्वारा मुनादी करके अतिक्रमण न करने की अपील की जा रही है। तहबाजारी टीम के इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि इसके अलावा सिरसा चुंगी से लेकर जिंदल पुल तक रोड और बस स्टैण्ड पर अतिक्रमण नहीं था।

## इनसो ने भाजपा कार्यालय के समक्ष फूंका मंत्री विजय शाह का पुतला

- नारेबाजी कर रहे कार्यकर्ताओं ने भाजपा पर लगाया बचाव करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह द्वारा सेना अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के प्रति की गई विवादित टिप्पणी का मामला बढ़ता जा रहा है।

टिप्पणी के बाद से वे लगातर विपक्ष की आलोचना झेल रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन (इनसो) ने सिरसा रोड स्थित भाजपा कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया और मंत्री विजय शाह का पुतला फूंककर नारेबाजी की। इनसो कार्यकर्ताओं ने मंत्री विजय शाह की आलोचना करते हुए उन्हें देश का गद्दार बताया और कहा कि इस तरह के बयान से देश की एकता को खतरा पैदा होता है। इनसो के जिला अध्यक्ष अज्जू घनघस ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार में बीजेपी मंत्री विजय शाह ने देश की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपने मंत्री को बचाने का प्रयास कर रही है। छात्र नेताओं ने मंत्री को पद से हटाने और देशद्रोह का मुकदमा करने की मांग की है। इस मौके पर छात्र नेता पूजा, अनू, सरोज, कमल, दीपक, अजय, हर्ष शर्मा सहित कई छात्र मौजूद रहे।

## सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी सुनिश्चित करवाने के दिए निर्देश

# बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने ली बैठक

- हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम शुक्ला तथा अनिल कुमार रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम शुक्ला तथा अनिल कुमार ने गुरुवार को महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, पुलिस, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के प्रावधानों की कड़ाई से अनुपालना सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में आयोग के सदस्यों ने कहा कि सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के संबंध में आयोग द्वारा माननीय न्यायालय में रिपोर्ट दी जानी है इसलिए सभी संबंधित विभाग स्कूल बसों की नियमित जांच करें। शिक्षा विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि बस के ड्राइवर की स्कूल से आने जाने की अवधि के दौरान अल्कोहल जांच हो ताकि ड्रंकन ड्राइव जैसी संभावनाएं न रहें। गाड़ी की फिटनेस को नियमित रूप से जांचा जाए ताकि खराब वाहन सडक़ों पर न चले। पेरेंट्स टीचर मीटिंग के दौरान भी अभिभावकों को सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया जाए। सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत जिला तथा उपमंडल स्तरीय कमेटी निरंतर निरीक्षण करते रहे। यह भी सुनिश्चित किया जाए की वाहनों को मॉडिफाई करके उन्हें स्कूल वाहन के रूप में इस्तेमाल न किया जा सके। बसों में सीसीटीवी सुचारू रूप से कार्य करें और उसकी रिकॉर्डिंग नियमानुसार स्कूलों में रहे। स्कूल के स्टाफ की पुलिस से वेरिफिकेशन भी होनी चाहिए। आयोग सदस्यों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि वह यह सुनिश्चित करें कि सभी स्कूलों में सुझाव बॉक्स हो और इसके अलावा प्रहरी टीमें भी गठित रहे।



**हिसार।** बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

स्पेशल : इंटरनेशनल म्यूजियम-डे, 18 मई

जानकारी / शिखर चंद जैन

# भारत के प्रसिद्ध म्यूजियम्स यहां संग्रहीत हैं अनोखी वस्तुएं

बच्चो, म्यूजियम यानी संग्रहालय ऐसी जगह होती है, जहां कला, संस्कृति, इतिहास और विज्ञान से जुड़ी दुर्लभ वस्तुओं का संग्रह देखने को मिलता है। इन्हें देखकर ज्ञानवर्धक जानकारियां तो मिलती ही हैं, साथ ही अनोखे अनुभव भी मिलते हैं। जानो, देश के कुछ म्यूजियम्स के बारे में कि ये किन विशेषताओं के कारण प्रसिद्ध हैं।




## वीएमआरडीए आईएनएस कुरसुरा पनडुब्बी संग्रहालय विशाखापत्तनम

**भारतीय नौसेना** (इंडियन नेवी) की नॉन-एक्टिव सबमरीन (सेवामुक्त हो चुकी पनडुब्बी) आईएनएस कुरसुरा में यह संग्रहालय स्थित है। यह संग्रहालय, भारत के नौसैनिक इतिहास और समुद्री विरासत के बारे में जानकारी देता है। यहां तुम पनडुब्बी के चेंबर्स, कंट्रोल रूम और लिविंग रूम्स को विजिट कर सकते हो। साथ ही तुम पनडुब्बी चालकों (सबमरीन ड्राइवर्स) की लाइफस्टाइल के बारे में भी जान सकते हो। *

## डॉन बॉस्को स्वदेशी संस्कृति म्यूजियम शिलांग

**इस म्यूजियम** में पूर्वोत्तर भारत की विविध स्वदेशी संस्कृतियां, आदिवासी परंपराएं, कला और शिल्प से जुड़ी सामग्री देखने को



मिलती हैं। यहां तुम आदिवासियों के झोपड़ी जैसी कलाकृतियों के साथ-साथ उनके पारंपरिक वेशभूषा, संगीत, वाद्ययंत्रों के अलावा आदिवासियों के रहन-सहन और उनकी संस्कृति से जुड़ी कई आकर्षक और आश्चर्यजनक चीजें देख सकते हो। इसके अलावा, यहां एक स्काईवॉक की भी व्यवस्था है, जहां से तुम्हें इस म्यूजियम और शिलांग के अद्भुत नजारे देखने को मिलेंगे। *



## हेरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम गुरुग्राम

**परिवहन यानी** ट्रांसपोर्ट हमारी डेली लाइफ का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हरियाणा के गुरुग्राम स्थित इस म्यूजियम में तुम इंडियन ट्रांसपोर्ट सिस्टम के अलग-अलग दौर में इस्तेमाल में आने वाले एंटीक व्हीकल्स देख सकते हो। इस म्यूजियम में पुरानी कारों, मोटरसाइकिलों, रेलवे कोचों, विमानों और परिवहन के अन्य साधनों के संग्रह हैं। बच्चो, तुम यहां इंटरैक्टिव प्रदर्शनियों, मल्टीमीडिया डिस्प्ले के माध्यम से ट्रांसपोर्ट टेक्नोलॉजी के विकास के साथ-साथ समाज और संस्कृति पर इसके प्रभाव को भी जान-समझ सकते हो। *

## सालार जंग म्यूजियम हैदराबाद



**मीर यूसुफ** अली खान, जिन्हें सालार जंग तृतीय के नाम से भी जाना जाता है, हैदराबाद के निजाम मीर उस्मान अली के कार्यकाल में प्रधानमंत्री रहे थे। मीर यूसुफ को दुर्लभ वस्तुएं, कलाकृतियां, पांडुलिपि आदि इकट्ठा करने का शौक था। उनके पश्चात उनके परिवार और अगली पीढ़ियों द्वारा भी इस म्यूजियम के लिए कलाकृतियों एवं अन्य वस्तुओं का संग्रह किया जाता रहा। आज इस संग्रहालय में एक मिलियन यानी दस लाख से अधिक कलाकृतियां और अन्य संग्रहणीय सामग्रियां रखी हुई हैं। *

## शंकर अंतरराष्ट्रीय गुड़िया संग्रहालय नई दिल्ली



**इस म्यूजियम** की स्थापना 1965 में फेमस कार्टूनिस्ट शंकर पिल्लई ने की थी। खास बात यह है कि इस म्यूजियम में दुनिया के किसी भी अन्य डॉल म्यूजियम से ज्यादा कॉस्ट्यूम डॉल्स हैं। इस म्यूजियम में लगभग 85 देशों से इकट्ठी की गई 6,500 से अधिक डॉल्स तुम्हें देखने को मिलेंगी। इन डॉल्स की बनावट, पारंपरिक पोशाक और सांस्कृतिक महत्व को देखकर-जानकर तुम्हें आश्चर्य होगा। *

## इंडियन म्यूजियम कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** के कोलकाता में स्थित इंडियन म्यूजियम, देश का सबसे बड़ा म्यूजियम है। इसे स्थानीय लोग अजायबघर या जादूघर भी कहते हैं। 1814 में बना यह म्यूजियम भारत का सबसे पुराना म्यूजियम है। यहां कई कलाकृतियां तो 2000 साल पुरानी हैं। यहां प्रागैतिहासिक काल के भारत के सांस्कृतिक इतिहास को समेटा गया है। इंडियन म्यूजियम में कई खंडों में विविध विषयों, जैसे-इतिहास, कला, पुरातत्व, जंतु शास्त्र, वनस्पति शास्त्र एवं अन्य कई विषयों से जुड़ी सामग्रियां देखी जा सकती हैं। इस म्यूजियम में सिंधु घाटी की सभ्यता के अवशेष से लेकर मिस्र की ममीज तक देखी जा सकती हैं।



स्पेशल : इंटरनेशल ड्रॉइंग-डे

# ड्रॉइंग करने से बढ़ेगी क्रिएटिविटी इंप्रूव होगी पर्सनालिटी

बच्चो, तुमको चित्र बनाकर उसमें मनचाहे रंग भरने में बहुत मजा आता होगा, है न! क्या तुम जानते हो, ड्रॉइंग करने की शुरुआत कब हुई और इससे क्या-क्या फायदे होते हैं? आज ड्रॉइंग-डे के अवसर तुम्हें बता रहे हैं, इससे जुड़ी रोचक बातें।

क्रिएटिव आर्ट

कुमार गौरव अजीतेंदु



बच्चो, चित्रकारी यानी ड्रॉइंग एक बहुत रोचक आर्ट है। बच्चे ही नहीं कई बड़ी उम्र के लोगों को भी इसमें काफी इंटरेस्ट होता है। कई लोग तो ड्रॉइंग को ही अपना करियर बना लेते हैं और इसके जरिए खूब नेम-फेम पाते हैं। ड्रॉइंग के महत्व को लोगों को बताने के लिए ही प्रत्येक वर्ष 16 मई (आज के दिन) को 'अंतरराष्ट्रीय चित्रकारी दिवस' या 'इंटरनेशनल ड्रॉइंग डे' के रूप में मनाया जाता है।

**कब मनाया गया पहला ड्रॉइंग-डे:** साल 2008 में दुनिया भर में पहली बार 'इंटरनेशनल ड्रॉइंग-डे' मनाया गया था। इस अवसर पर ड्रॉइंग के फील्ड से जुड़े लोगों को अपनी क्रिएटिविटी, अपने आर्ट को ऑनलाइन शेयर करने के लिए इनवाइट किया जाता है। साथ ही ड्रॉइंग से होने वाले लाभों से अवगत कराने और ड्रॉइंग में लोगों की रुचि जगाने के उद्देश्य से यह दिन मनाया जाता है।

**होते हैं अनेक फायदे:** ड्रॉइंग के माध्यम से तुम अपनी इमेजिनेशन, अपनी नॉलेज और क्रिएटिविटी को अधिक प्रभावी ढंग से एक्सप्रेस कर सकते हो। इससे तुम्हारी इमेजिनेशन और प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल इंप्रूव होती हैं। इसके अलावा भी ड्रॉइंग के कई फायदे होते हैं, जैसे-

**मिलती है हैप्पीनेस:** ड्रॉइंग करते समय मन शांत और एकाग्रचित्त होता है। इसलिए जब तुम ड्रॉइंग करते हो, तब टेंशनफ्री और हैप्पी रहते हो।

**बढ़ता है कॉन्फिडेंस:** जब तुम अपनी इमेजिनेशन से कोई अच्छी ड्रॉइंग बनाते हो, तो इससे तुम्हारा कॉन्फिडेंस बढ़ता है।

**फीलिंग्स एक्सप्रेशन का तरीका:** ड्रॉइंग के जरिए तुम अपनी हर फीलिंग को बेहतर ढंग से एक्सप्रेस कर सकते हो। इससे तुम्हें सेल्फ-सैटिस्फेक्शन मिलता है।

**स्ट्रेस होता है दूर:** कई शारीरिक-मानसिक रोगों के ट्रीटमेंट में ड्रॉइंग एक थेरेपी के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। इससे टेंशन और स्ट्रेस दूर होता है, मानसिक सुकून मिलता है।

**ऐसे मनाओ ड्रॉइंग डे:** तुम चाहो तो अपने फ्रेंड्स के साथ मिलकर ड्रॉइंग-डे को स्पेशल तरीके से सेलिब्रेट कर सकते हो। इसके लिए तुम सब कोई एक थीम सेलेक्ट कर लो फिर एक निश्चित समय में उस थीम पर बेस्ड ड्रॉइंग बनाओ। इस कॉम्पिटिशन में किसकी ड्रॉइंग बेस्ट है, इसका डिसीजन करने के लिए अपने आर्ट टीचर या आस-पड़ोस के अंकल की हेल्प ले सकते हो, जिन्हें ड्रॉइंग में इंटरेस्ट हो। *

### ड्रॉइंग से जुड़े कुछ फैक्ट्स

- इंसानों ने अब से लगभग 30,000 वर्ष पहले चित्र बनाना शुरू कर दिया था।
- 1797 में निकोलस-जैक्स कोंटे ने पेंसिल का आविष्कार किया, इससे चित्र बनाना आसान हो गया।
- अधिकांश चित्र सरल ज्यामितीय आकृतियों जैसे वृत्त, वर्ग और त्रिभुज से शुरू होते हैं।
- प्राचीन काल में लोग कहानियां सुनाने या जानकारी साझा करने के लिए गुफाओं की दीवारों पर चित्र बनाते थे।
- प्राचीन मिस्रवासी चित्रकला को लेखन के के रूप में प्रयोग करते थे, जिसे 'हाइरोग्लाइफिक्स' कहा जाता था।
- 1984 में पहला मैकिंटोश कंप्यूटर तैयार किया गया, जिसमें पेंट प्रोग्राम 'मैकपेंट' था, जिसने डिजिटल ड्रॉइंग और डिजाइन की नई सुविधाएं मिलीं।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

# आस-पास की कहानियां



जैसा कि इस किताब के नाम (बारह सौ की बाटी और अन्य किस्से) से ही पता चलता है यह 'किस्सों' की किताब है। इसे पढ़ते हुए पता चलता है कि किताब के सभी चौदह 'किस्से' हमारे आस-पास घटने वाली छोटी-छोटी घटनाएं हैं। तरह-तरह की 'बातें' हैं, जो ध्यान से देखने पर हमें चौंकाती हैं।

किताब में दिए इन किस्सों के विभिन्न चरित्र कुछ जाने-पहचाने से दिखते हैं- बहुत साधारण, सीधे-सादे और अपने में मस्त। लेकिन उनकी अपनी कुछ खास आदतें, सनक या कहें किसी काम को करने की धुन, जिन्हें लेखक जिस अंदाज में हमारे बीच रखता है, ये अपने आप में अनोखा बना देती हैं। इन किस्सों के साथ दिए किताब के रंग-बिरंगे वाटर-कलर से बने चित्र सामान्य चित्रों से अलग और सुंदर दिखते हैं। *

**किताब:** बारह सौ की बाटी और अन्य किस्से, **लेखक:** शिवनारायण गौर, **चित्रकार:** नीलेश गहलोत, **मूल्य:** 80 रुपए, **प्रकाशक:** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

### बूझो तो जानें





1
चिंगारी से वो भड़क जाए।
सूखी लकड़ी-कंडे खाए।
छूने चलो, तो अंग जलाए।
पानी पीते ही मिट जाए।

2
सब कहते हैं जुड़वां भाई
पैरों में ही जगह है पायी।
कहीं एक साथी खो जाए
दूजा कोई काम न आए।

3
जोड़, घटाना, गुणा, भाग है
मेरे बाएं हाथ का काम।
कभी नहीं गलती करता हूं
मित्र! बताओ मेरा नाम।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.आग, 2.जूते, 3.कैलकुलेटर

### जीके क्विज-154



1. हाल में किस प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर ने टेस्ट मैच से संन्यास लेने की घोषणा की?
2. 72वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का आयोजन कहां किया जा रहा है?
3. इसरो के वर्तमान अध्यक्ष कौन हैं?
4. भारत और पाकिस्तान के बीच की सीमा रेखा को किस नाम से जाना जाता है?
5. ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहां है?
6. सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को उनके पद की शपथ कौन दिलवाता है?
7. विश्व की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
8. मौर्य साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
9. दुनिया में सबसे अधिक रबड़ का उत्पादन किस देश में होता है?
10. नियाग्रा जलप्रपात किन दो देशों की सीमा पर स्थित है?

**बच्चो, जीके क्विज-154 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-153 का उत्तर :** 1.स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट, 2.मंगूभाई छगनभाई पटेल, 3.वायुसेना उपप्रमुख, 4.15 मई, 5.ग्यारह, 6.रानी लक्ष्मीबाई, 7.बुध, 8.लियोनार्दो द विंची, 9.नाइट्रस ऑक्साइड, 10.राजस्थान

**जीके क्विज-153 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, प्रज्ञा-रायपुर, मुस्कान-कोंडागांव, रमेश-कोरबा, सौरभ-बिलासपुर, कमल-महेंद्रगढ़, अमन-रोहतक, कशिश-महासमुंद, रोशन-दुर्ग, गुंजन-भोपाल, जतिन-रायगढ़

कहानी / क्षमा शर्मा

स्कूल में गर्मी की छुट्टियां क्या हुईं, मिनी का घर से निकलना बंद हो गया। घर में यही कहा जाता-बाहर धूप तगड़ी है, लू लग जाएगी। बेचारी मिनी करे तो क्या करे? तुम्हारे लिए बहुत प्यारी-सी कहानी।

# मिनी की परेशानी



मिनी की छुट्टियां क्या हुईं, सवेरे से ही सब उसे पुकारने लगते, 'मिनी, जल्दी उठो। फ्रेश होओ। ब्रश करो। दूध पिओ, फिर नीचे खेलने जाओ।' दादी कहतीं, 'नहीं मिनी, बाहर तो अभी से इतनी तेज धूप है। देख रही हो न कि पेड़-पौधे भी धूप से कैसी हाय-हाय कर रहे हैं। कहीं मत जाओ। जो खेलना हो, घर के अंदर खेलो। और बाहर जाओ भी तो पेट भरकर पानी पीकर, फिर लू नहीं लगेगी।'

'लो जी, पेट भरकर पानी ही पी लेगी तो दूध कैसे पिएगी, नाश्ता कैसे करेगी?' मम्मी, दादी से शिकायत करती-सी पूछतीं। बेचारी मिनी, मम्मी की सुने कि दादी की।

तभी भइया अंदर वाले कमरे से चिल्लाता, 'मेरे जूते नहीं मिल रहे हैं। जरूर इस मिनी ने ही इधर-उधर किए होंगे। इसे जूतों से फुटबॉल खेलने की आदत जो है।'

मिनी धीरे से बोली, 'तो ला दो न एक अच्छी-सी फुटबाल, नहीं खेलूंगी फिर जूतों से। पता है, कभी नहीं लाएगा। कंजूसड़ा कहीं का। जब देखो तब मुझसे ही पैसे मांगता रहता है।' वैसे तो बात यह है कि उसने जूते कहीं इधर-उधर नहीं किए थे। मिनी मन ही मन सोचती है, 'इसी ने कहीं इधर-उधर उतारे होंगे। जहां भी कुछ रखता है, कभी याद नहीं रहता है इसे। कभी पेन, कभी चाबी, कभी पासवर्ड हमेशा कुछ न कुछ भूला या खोया रहता है इसका और नाम लगा रहा है मेरा। हुंह... इससे तो अच्छी थी कि स्कूल ही जाती।'

'अरे मिनी, यह अपने से ही क्या बातें कर रही है?' पापा ने जाते-जाते पूछा तो वह तकिए में मुंह छिपाती बोली, 'कुछ नहीं पापा, पोयम याद कर रही थी।'

'अच्छा भई हम भी तो सुनें तुम्हारी पोयम।' पापा पलंग के पास आकर बैठ गए तो मिनी ने ऐसे दिखाया जैसे वह सो रही हो और सपने में ही पापा की बात का जवाब दिया हो। पापा ने मान भी लिया, 'अरे, लड़की तो सो रही है अभी। चलो, सोने दो। नहीं तो बेचारी हर रोज सुबह उठती है। सवेरे की उठी-उठी रात को सो पाती है। बच्चों को भी बड़ों की तरह बस रात-दिन काम ही काम है।' जब भइया चला गया, पापा दफ्तर के लिए निकले, उसने कार स्टार्ट करने की आवाज सुन ली और उसके कुछ देर बाद मम्मी शालू आंटी से मिलने चली गईं और दादी पूजा करने लगीं। अब पूजा भी तो पूरे दो घंटे की। मिनी को लगा कि अब बस दो घंटे तक कोई उससे यह नहीं कहेगा, 'अरे मिनी, यह क्या कर दिया, वह क्या कर दिया, यह लड़की तो किसी की नहीं सुनती है, टीचर से कहना पड़ेगा। कल ही तो इतनी महंगी डॉल दिलवा कर लाए थे और आज उसके बाल उखाड़ दिए।' ओह डॉल से अच्छा याद आया, मिनी को तो आज उसकी आंख ठीक करनी थी। कितने तो काम थे। मिनी ने फौरन खिलौनों की अलमारी खोली और सोचने लगी कि कैसे आंख ठीक करे? उसकी नीली आंख अंदर चली गई थी। भइया ने नीले बॉल प्वॉइंट से उसे बाहर निकालने की कोशिश की तो वह और अंदर घुस गई। पूरी आंख पर नीला रंग फैल गया। भइया तो गुड़िया को फेंक कर चला गया। अब एक आंख की गुड़िया उसे अच्छी नहीं लगती। तो उसे याद आया कि उसके टॉमी कैट की आंखें भी तो नीली हैं। उसने टॉमी को अलमारी से बाहर निकाला। फिर सोचने लगी, 'अगर इसकी एक आंख डॉल को लगा भी दूं तो फिर इसके लिए दूसरी आंख कहां से लाऊंगी?'

मिनी ने सोचा दादी से पूछे लेकिन वह तो पूजा कर रही थीं। तो फिर किससे पूछे? उसने शालू आंटी के यहां गईं मम्मी को फोन किया। मम्मी बिगड़ गईं, 'क्या मिनी, कभी चैन से नहीं रहने देती। अब तू अपनी गुड़िया का किस्सा ले बैठी। घर आकर करती हूं बात।' 'लो मम्मी खुद तो चली गईं और मुझे धूप का बहाना बनाकर दादी ने नीचे पार्क में भी खेलने नहीं जाने दिया। क्या बड़ों को धूप नहीं लगती?' मिनी बुदबुदाई।

मिनी ने डॉल को फिर से अलमारी में रखा। मम्मी लौटेंगी तो उनसे उसकी आंख ठीक कराएगी, फिर बालकनी में जाकर बाहर देखने लगी। पार्क में एक मैना घास से बीन कर कुछ खा रही थी कि एक गिलहरी उसके पीछे दौड़ी। मैना डर से दूर भाग गई तो गिलहरी वहां खाने लगी। पता नहीं वह क्या खा रही थी। मैना ने फिर उधर कदम बढ़ाया तो इस बार दो गिलहरियों ने उसका पीछा किया। मिनी को इस खेल में बहुत मजा आया। लगा जैसे कि गिलहरी और मैना छुआ-छुई का खेल खेल रही हों। तभी टॉमी कैट जैसा एक बिल्ला एक गौरैय्या की तरफ दबे पांव बढ़ा। मिनी जोर से चिल्लाई, 'भागो-भागो..!' और तालियां बजाने लगी। ताली की आवाज से गौरैय्या उड़ गई। दोनों गिलहरियां भाग गईं और बिल्ला देखता रह गया। उसके शिकार जो हाथ से निकल गए थे। तभी दादी ने आकर पूछा, 'किसे भगा रही थी मिनी?' उसके मुंह से निकला, 'टॉमी कैट को।'

'टामी कैट को! क्या तूने अपना बिल्ला भी डॉल की तरह तोड़कर खराब कर दिया और बाहर फेंक दिया? कितना नुकसान करती है री लड़की।' कहती हुई दादी तो तुलसी को पानी देने लगीं। मिनी ने उनकी नकल उतारी, 'कितना नुकसान करती है री लड़की!' और वहां से भाग गई। दादी पुकारती ही रह गईं, 'मिनी, ओ मिनी, कहां भाग गई, बाहर मत जाना बहुत धूप है..।'

'हां दादी, अब सवेरे से शाम तक पुकारो मुझे। पता नहीं ये छुट्टियां आती ही क्यों हैं?' मिनी भुनभुनाई। *

कविता

घमंडीलाल अग्रवाल



# गरमी की अगवानी

भैया, दीदी, नाना, नानी-
करते गरमी की अगवानी।
उठा हाथ तेरे स्वागत में
ट्विस्ट कर रहे सूती कपड़े,
पतला कुर्ता, धोती पतली
गुन-गुन गीत गा रहे अकड़े,
जेल गए अब गर्म वस्त्र सब-
खूब दिखा अपनी मनमानी।
खरबूजों की, तरबूजों की
फसल तीव्र गति से मुस्काती,
आड़ू, जामुन, आम, लीचियां
बने हुए हैं प्यारे साथी,
'मुझसे करो दोस्ती पक्की'-
कहता ठंडा-ठंडा पानी।
खड़ी हुई-बांहें फैला,
कुल्फी और बर्फ की सिल्ली,
आओ खेलें मिलकर सारे
खेल अनोखा डंडा-गिल्ली,
शीतल पेय छेड़ने बैठे-
धुन प्यारी जानी-पहचानी।

### रंग भरो-175

**रंग भरो-175** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





दिव्यांश, दुर्ग



रितेश, मटियारी



श्वेता, रायपुर



रशिका, जांजगीर



दीत्या, अहिवारा



भाविका, सरोरा

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

आस्तिका-चांपा, भावी-धमतरी, चहक-कोसली, डिंपल-दुर्ग, गौरांग-रायपुर, पलक-धमतरी, परिधि-ईमेल से, सानवी-अंबिकापुर, तेजस-सरोरा, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विक्की-बिलासपुरा

### रंग भरो 176



बच्चो, यहां ड्रॉइंग बनाती हुई लड़की का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### सरकारी स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**आदमपुर।** कोहली के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने 100 फीसद रिजल्ट देकर गांव के साथ-साथ स्कूल का भी नाम रोशन किया है। सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में 12वीं कक्षा में आर्ट्स कॉमर्स साइंस तीनों संकायों सभी 47 बच्चों ने अच्छे अंक लेकर परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ-साथ 9 बच्चों ने बोर्ड की मेरिट में स्थान प्राप्त किया है।

### बच्चों के लिए दंत जांच शिविर का आयोजन

**हिसार।** सेक्टर-15 स्थित स्मॉल वंडर स्कूल में संगीत डेंटल केयर की तरफ से स्कूल के विद्यार्थियों का डेंटल चेकअप कैंप आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत डेंटिस्ट डॉ. चेष्टा ने कक्षा नर्सरी से पाचवीं तक के विद्यार्थियों के दांतों की जांच की। उन्होंने बच्चों को दांतों की समस्या जैसे कैविटी, पायरिया, पीले, काले दांत, दांत का टूटना, दांतों में दर्द या ठंडा गर्म लगने के कारण बताए।

### स्वामित्व कार्ड दिए जाने को लेकर की बैठक

**उकलाना।** जिला नगर आयुक्त नीरज ने उकलाना नगर पालिका में अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक में स्वामित्व कार्ड कार्ड देने तथा विभिन्न विकास कार्यों के लिए टेंडर लगाए जाने के लिए समीक्षा एवं चर्चा हुई और अधिकारियों को स्वामित्व कार्ड देने के लिए निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जो विकास कार्य है उसके लिए टेंडर लगाने की प्रक्रिया भी जल्द पूरी करने के लिए कहा।

### सेना का अपमान करने वाले मंत्री को बर्खास्त करे भाजपा

**हिसार।** भाजपा की तिरंगा यात्रा पर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट योगेश सिहाग ने करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा को पहले उस मंत्री को बर्खास्त करना चाहिए जिसने सेना का अपमान किया है, तभी उसे तिरंगा यात्रा निकालने का नैतिक अधिकार है। एडवोकेट योगेश सिहाग ने कहा कि सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया वीरता और समर्पण पर पूरे देश को गर्व है।

### छात्रों ने पेड़ों पर लगाए पक्षियों के लिए घोंसले

**हांसी।** राह क्लब हांसी एवं अतुलनीय धरा के सहयोग से ऐतिहासिक पृथ्वीराज चौहान किले पर डीवीएन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 51 घोंसले लगाए। इस दौरान राह क्लब हांसी के संरक्षक व पूर्व नप सचिव सतीश अरोड़ा की निगरानी में विद्यार्थियों को पक्षियों के घौंसले बनाने सिखाये गए। इस दौरान अरोड़ा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में पेड़-पौधों से लेकर पक्षियों का अपना योगदान है।

### एसएमसी पुनर्गठन सांझी सभा बैठक का आयोजन

**हिसार।** खंड हिसार प्रथम में गुरुवार को एसएमसी पुनर्गठन सांझी सभा बैठक का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में ब्लॉक एसएमसी नोडल बीआरपी अंग्रेजी नीलम के द्वारा सभी मेंटर बीआरपी एबीआरसी को यह प्रशिक्षण दिया गया।

### ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर बांटे लड्डू

**हिसार।** ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर हिसार कोर्ट में लड्डू बांट कर सेना को बधाई दी गई। भारत सरकार को मजबूत निर्णायक नेतृत्व प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया गया और सेना के योगदान की सराहना की गई। इस अवसर पर गजेंद्र सिंह, सतबीर सोनी, सुदेश, रेखा जाटव, सोमेश, अनुराग, अमृत सागर आदि रहे।

### मंत्री विजय शाह के बयान पर जताया रोष

**हिसार।** महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह द्वारा की गई शर्मनाक टिप्पणी पर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने रोष जताया है। रियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के पदाधिकारियों व सदस्यों ने निंदा प्रस्ताव पारित करके मंत्री के पद से तुरंत हटाने की मांग की है।

---

### डीसी अनीश यादव ने डीडीपीओ को दिए जांच के निर्देश

# किरमारा में नई लाइब्रेरी में घटिया सामग्री के प्रयोग का आरोप

### समाधान शिविर में उपायुक्त अनीश यादव ने की जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते उपायुक्त अनीश यादव। फोटो: हरिभूमि

जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त अनीश यादव ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर समाधान किया। समाधान शिविर में गांव मिरकां निवासी रूपी विक्रम थापा, हिसार निवासी संत लाल तथा वीना अरोड़ा द्वारा परिवार पहचान पत्र में आयु पूरी होने उपरांत बुढ़ापा पेंशन न बनने की शिकायत पर उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द विभागीय कार्रवाई करते हुए संबंधित नागरिक की पात्रता अनुसार पेंशन बनाई जाए।

गांव किरमारा के ग्रामीणों ने गांव में बनाई गई नई लाइब्रेरी में घटिया सामग्री का प्रयोग करने की शिकायत पर उपायुक्त ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को मामले की जांच कर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

शिकायतकर्ता संजय कुमार ने टेंडर की बकाया राशि न मिलने की शिकायत दी।

उपायुक्त अनीश यादव ने नगर निगम के अधिकारियों को मामले पर संज्ञान लेते हुए शिकायतकर्ता की समस्या का उचित समाधान करने के निर्देश दिए। पूर्व सैनिक निर्मल सिंह द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर पर कार्रवाई न होने की शिकायत पर उपायुक्त ने संबंधित एसएचओ को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

#### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा, एसडीएम ज्योति मित्तल, जिला परिषद के सीईओ हरबीर सिंह, नगराधीश हरिराम, डीएसपी संजीव कुमार, एएमसी प्रदीप कुमार, जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव, डीआईओ दीपक भारद्वाज, सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

#### सुपरवाइजर और सीडीपीओ कर रही तंग

गांव स्याहड़वा में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने सुपरवाइजर और सीडीपीओ द्वारा परेशान करने की शिकायत दी। इस पर उपायुक्त ने एसडीएम ज्योति मित्तल की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। हिसार सुंदर नगर निवासी राम नारायण द्वारा प्लॉट इंतकाल न किए जाने की शिकायत पर उपायुक्त ने एसडीएम को निर्देश दिए कि मामले की अच्छी तरह से जांच कर आगामी आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए। हिसार विशाल नगर निवासी जी सुधाकर द्वारा प्रॉपर्टी आईडी में नाम दुरुस्त करवाने की दी गई शिकायत पर उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

#### पानी निकासी के लिए पइपलाइन दबवाने की उठाई गई मांग

गांव सदलपुर निवासी शिमला देवी की खेवट में गड़बड़ी की शिकायत पर उपायुक्त अनीश यादव ने तहसीलदार आदमपुर को निर्देश दिए कि मामले की जांच कर शिकायतकर्ता का उचित समाधान करना सुनिश्चित किया जाए। गांव बास खुर्द के ग्रामीणों ने तालाब में बरसात के दौरान ओवरफ्लो पानी की निकासी के लिए पाइप लाइन दबवाने की मांग रखी। इस पर उपायुक्त ने हांसी सिंचाई विभाग के एक्सईएन को मामले की मौके पर जाकर जांच करने एवं समस्या के दृष्टिगत आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। गांव कालवास निवासी संतलाल द्वारा अतिक्रमण रास्ते की दी गई शिकायत पर उपायुक्त ने जिला राजस्व अधिकारी को मामले की जांच कर आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

---



हिसार। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

# पंजाबी भाषा में अध्यापकों ने करवाई प्रतियोगिता

- बाबा बंदा सिंह बहादुर स्टडी सर्कल के सहयोग से स्कूली बच्चों में प्रतियोगिता करवाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जिले के पंजाबी भाषा अध्यापकों बलजिंदर कौर, मोनिका मेहता, निर्मला देवी व गौरव भुटानी ने बाबा बंदा सिंह बहादुर स्टडी सर्कल के सहयोग से स्कूली बच्चों में प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें छठी कक्षा के बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों को कलर शीट के माध्यम से पंजाबी भाषा वर्णमाला का ज्ञान करवाया गया। पंजाबी भाषा अध्यापक गौरव भुटानी ने बताया कि इस तरह के क्रियाकलाप बच्चों में विषय के प्रति रुचि को बढ़ाते है और विशेषकर छोटे बच्चों का रंगों से लगाव होने के कारण एक विषय दूसरे विषय को भी सकारात्मक रूप से उसे रुचिकर बनाने में मदद करता है। यह क्रियाकलाप राजकीय कन्या स्कूल देवी भवन हिसार, राजकीय मॉडल स्कूल गांव नलवा, राजकीय स्कूल गांव मिर्जापुर, राजकीय कन्या स्कूल गांव टोकस में करवाया गया। इन स्कूलों के 12 बच्चों का पहला, दूसरा व तीसरा स्थान निकाला गया। जिसमें शीतल, दृष्टि, दिव्या, भावना प्रथम स्थान, पूर्वी, साक्षी, गर्व,कुनाल ओझा दूसरे स्थान व मनीषा, अंजलि शाह, रूहानी, रीया तीसरे स्थान पर रही। उन्हें बाबा बंदा सिंह बहादुर स्टडी सर्कल की सहायता से अमोल अखर गुरमुखी लिपि की तख्ती प्रोत्साहन उपहार के रूप में दी जाएगी।

---

# कुलपति ने दिए बिजनेस के टिप्स

- कुलपति ने हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस में विभागों का दौरा करके किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विद्यार्थियों से कहा है कि वे अपने अध्ययन को पूरा समय दें तथा विश्वविद्यालय में नियमित रूप से कक्षाओं में आएं। साथ ही विद्यार्थी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित अन्य गतिविधियों में भाग लेकर अपना कौशल विकास कर सकते हैं। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई 'विद्यार्थियों से सीधे संवाद' कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस में स्थित विभागों का दौरा कर रहे थे। उन्होंने हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस में विद्यार्थियों व शिक्षकों से संवाद किया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विद्यार्थी विश्वविद्यालय के लिए प्रथम हितधारक हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन तथा शिक्षकों की जिम्मेदारी बनती है कि हम विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति समर्पित तथा महान नागरिक बनाने के लिए कार्य करें। इसके लिए विद्यार्थियों का अनुशासित होना आवश्यक है। यह तभी संभव है जब विद्यार्थी नियमित रूप से कक्षा में आकर एकाग्र होकर अध्ययन करें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध हैं। विद्यार्थी इनका भरपूर फायदा उठाएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की अगर कोई समस्या है तो वे सीधे उनसे मिल सकते हैं। साथ ही उन्होंने शिक्षकों से भी कहा कि वे नियमित रूप से कक्षाएं लें। शिक्षक का पहला कर्तव्य विद्यार्थी को शिक्षा देना है। उन्होंने कहा कि उनका यह संवाद नियमित रूप से जारी रहेगा।

---

# तय समय सीमा में कार्य पूरा करें अधिकारी

- जिला नगर आयुक्त ने किया बरवाला के कार्यों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। निरीक्षण के दौरान बातचीत करते जिलायुक्त नीरज। फोटो: हरिभूमि

जिला नगर आयुक्त नीरज ने वीरवार को बरवाला और उकलाना नगर पालिका में औचक निरीक्षण पर पहुंचे। इस दौरान वहां पर उन्होंने चल रहे विकास कार्यो और अन्य कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले बरवाला नगर पालिका के बन रहे नए भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को भवन के कार्य तय समय सीमा अवधि में पूरा करने निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बरवाला नगर पालिका में चल रहे अन्य कार्यों को तय समय सीमा और बेहतर कार्य करने के दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद जिला नगर उकलाना नगरपालिका में पहुंचे जहां पर उन्होंने चल विकास कार्यों का निरीक्षण कर कार्यों को तय समय सीमा में करने के लिए आदेश दिए। जिला नगर आयुक्त ने स्वामित्व योजना के तहत बरवाला और उकलाना नगर पालिका के अधिकारियों को जो लक्ष्य दिया गया है उसको जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। जिला नगर आयुक्त ने दोनों नगर पालिका कार्य करवा कर प्रगति रिपोर्ट जिला नगर आयुक्त कार्यालय में भेजने के निर्देश भी दिए।

#### किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान बरवाला नगरपालिका के चेयरमेन रमेश बेटरीवाल, उप-प्रधान ताराचंद, उकलाना नगरपालिका के चेयरमेन सुशील साहू, उप-प्रधान सतवंत सिंह, एमई अमित बेरवाला, एमई सुनील लांबा, बरवाला के सचिव प्रगति, उकलाना के सचिव संदीप गर्ग मौजूद थे।

---

# स्वच्छता रैंकिंग को सुधारने पर करें काम

- !नगर निगम के मेयर कार्यालय में मेयर प्रवीण पोपली ने स्वच्छता की रैंकिंग को लेकर बैठक की

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। अधिकारियों के साथ चर्चा करते मेयर प्रवीण पोपली। फोटो: हरिभूमि

नगर निगम के मेयर कार्यालय में मेयर प्रवीण पोपली ने स्वच्छता की रैंकिंग को लेकर बैठक की। जिसमें अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह और अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा उपस्थित रहे। मेयर प्रवीण पोपली ने स्वच्छता की रैंकिंग के स्तर सुधारने को लेकर गुरुवार को अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने बताया कि इस बार स्वच्छता रैंकिंग सुधारने के लिए हम सभी को मिलकर ओर अधिक मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता के हर बिंदु पर हम कार्य करेगें। उन्होंने इसके लिए शहर में जगह-जगह पर जागरूकता अभियान चलाए जाएगे। जिसमें नुक्कड़ सभा, आरडब्ल्यूए के साथ विचार-विमर्श, स्कूल व कॉलेज में जागरूकता के कार्यक्रम करना। स्वच्छता को लेकर रैली निकाला। जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ पोस्टर मेकिंग और प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी। मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि पूरे शहर की सफाई प्रतिदिन हो। इसके साथ उन्होंने कहा कि इसमें हर शहरवासी अपना सहयोग जरूरी है। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल स्वच्छता को लेकर स्कूल व कॉलेज में जागरूकता अभियान किए जा रहे है।

---

# न्यायमूर्ति बीआर गवई के सीजेआई बनने पर बार एसोसिएशन में जश्न

- यह देश के हर युवा के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। न्यायमूर्ति बीआर गवई के सीजेआई बनने पर खुशी जताते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

जिला बार एसोसिएशन हिसार की ओर से भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई ) के रूप में माननीय न्यायमूर्ति बीआर गवई के पदभार ग्रहण करने पर ख़ुशी व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की गई है। बार एसोसिएशन हिसार के प्रधान एडवोकेट संदीप बूरा, उप प्रधान एडवोकेट विकास पूनिया, सचिव एडवोकेट समीर भाटिया, सह सचिव एडवोकेट सुनील भारद्वाज और कोषाध्यक्ष एडवोकेट सुनील सहदेव ने इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायमूर्ति गवई का सर्वोच्च न्यायिक पद तक पहुंचना भारतीय संविधान की समानता, सामाजिक न्याय और अवसर की समता की भावना को साकार करता है। यह साबित करता है कि शिक्षा, प्रतिभा और समर्पण के बल पर कोई भी व्यक्ति चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि से हो इस देश की न्यायपालिका के शीर्ष तक पहुंच सकता है। यह देश के हर युवा के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है।

---

### सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिन्दूर' पर आधारित है पेंटिंग

# राजेंद्र भट्ट ने ऑपरेशन सिंदूर पर बनाई कलाकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭उकलाना




उकलाना। पेंटिंग के साथ चित्रकार राजेंद्र भट्ट। फोटो: हरिभूमि

देशभक्ति, संवेदना और यथार्थ चित्रण को एक नई पहचान देने वाले राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, उकलाना में कार्यरत कला प्रवक्ता एवं चित्रकार राजेन्द्र भट्ट ने भारतीय सेना में नारी की शक्ति को समाज से रूबरू करती नवीनतम पेंटिंग वॉर ऑफ़ पीस अर्थात शांति के लिए युद्ध का सृजन किया है जोकि भारत द्वारा दुश्मन देश के विरुद्ध हाल ही में की गई सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिन्दूर' पर आधारित है। यह एक भावनात्मक अनुभव और राष्ट्रीय अस्मिता की अभिव्यक्ति है। पेंटिंग के केंद्र में मां काली को प्रचंड रूप में दिखाया गया है जो अब अन्याय और आतंकी कृत्यों के विरुद्ध मौन नहीं है। माँ काली के नेत्रों से निकलती लाल ज्योति जैसे राफेल विमान की दिशा निर्धारित करती है, जो आतंक के केंद्र पर सटीक प्रहार करता है। पेंटिंग में कलाकार ने भारतीय वायुसेना की रणनीतिक दक्षता, तकनीकी शक्ति और साहसिक निर्णय का अत्यंत प्रभावशाली चित्रण किया है। पृष्ठभूमि में वास्तविक समाचार पत्रों की कटिंग को समाहित कर कलाकार ने उस समय की गंभीरता, मीडिया की भूमिका और समाज के भावों को स्वर प्रदान किया है।

#### पेंटिंग आतंकवाद पर वार को प्रस्तुत करती है

चित्रकार राजेन्द्र भट्ट ने बताया कि उनकी यह पेंटिंग केवल 'शांति के लिए युद्ध' की भावना को ही प्रकट नहीं करती बल्कि आतंकवाद के विरुद्ध की गई यह कार्रवाई वैश्विक स्तर पर शांति स्थापित करने के भारतीय प्रयास को भी विश्व के समक्ष प्रस्तुत करती हैं है। इस कला कृति का शीर्षक दा वॉर ऑफ़ पीस एक अभियान इस बात का प्रतीक है कि भारत शांति का पक्षधर है, लेकिन अपनी सुरक्षा और गरिमा के लिए आवश्यक कदम उठाने से पीछे नहीं हटता।

---

# श्री सनातन धर्म कन्या विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भगत सिंह रोड, हांसी की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय प्राचार्या रेणु बंसल ने बताया कि विद्यालय की 31 छात्राओं कला संकाय, 13 छात्राओं ने वाणिज्य संकाय तथा 6 छात्राओं विज्ञान संकाय से बोर्ड परीक्षा दी थी और सभी छात्राओं ने अपने विषयों में शानदार अंक प्राप्त किए। कला संकाय की छात्रा अनुष्का ने 86 फीसद, ओशनिक ने 85.4, रिया ने 85 फीसद अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि वाणिज्य संकाय से नेहा ने 88.4 फीसद, स्नेहा सैनी ने 84 फीसद, हरप्रीत ने 80 फीसद अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा विज्ञान संकाय की छात्रा जिया ने 76.2 फीसद, दिव्या ने 73.5 फीसद तथा प्रियंका ने 71.4 फीसद क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी सफलता का परचम लहराया। प्रबंधक समिति के अध्यक्ष प्रीतम कुमार गोयल, प्रधान सज्जन कुमार अग्रवाल, चंद्रभान गर्ग, नकुल कुमार अग्रवाल, लक्ष्मीकांत गोयल आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## आज अयोध्या के लिए रवाना होंगे सात बुजुर्ग

**हिसार।** हिसार एयरपोर्ट से हवाई सेवाएं पुनः बहाल होने के बाद अग्रसेन भवन ट्रस्ट द्वारा शुक्रवार को पहली बार सात बुजुर्गों को मुफ्त हवाई यात्रा द्वारा अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए भेजा जाएगा। ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारिया वाला ने बताया कि हवाई जहाज द्वारा बुजुर्गों को मुफ्त अयोध्या धाम भेजने के अपने निर्णय अनुसार कल सुबह 11.30 बजे इन बुजुर्गों को अग्रसेन भवन में बुलाया गया है। सभी सातों बुजुर्गों को ससम्मान निजी वाहन द्वारा हिसार एयरपोर्ट तक छुड़वाया जाएगा। हिसार से अयोध्या जाने के लिए फ्लाइट का समय दोपहर 1:35 बजे का है।

## गुजवि में यूएमसी कमेटी की बैठक 21 मई को

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में यूएमसी कमेटी की बैठक 21 मई को सुबह 10 बजे से विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में होगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि सत्र फरवरी-मार्च 2025 में आयोजित सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) के विद्यार्थियों की व्यक्तिगत सुनवाई के लिए यूएमसी कमेटी की बैठक 21 मई को विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में होगी। इस बैठक में 08-09 अप्रैल को हुई यूएमसी कमेटी की बैठक में हुए निर्णय से असंतुष्ट जिन विद्यार्थियों ने आवेदन किया है, उन विद्यार्थियों के लिए भी इस बैठक में पुनर्विचार के लिए व्यक्तिगत सुनवाई होगी।

## मिडल स्कूल में बच्चों को शिक्षा सामग्री की वितरित

**हिसार।** भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा की ओर से ग्राम पंचायत राजीव नगर के राजकीय मिडल स्कूल में शिक्षा सामग्री वितरण कैंप आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को शिक्षा सामग्री वितरित की गई और उन्हें प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत 'देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें' की सुंदर प्रस्तुति दी। शाखा अध्यक्ष अमर गोयल और शाखा सचिव नरेश बंसल ने बच्चों को शिक्षा के महत्व और प्रतिस्पर्धा के दौर में नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मनीष जैन, संदीप अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, जितेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### आरपीएस स्कूल में मनाया परीक्षा परिणाम की सफलता का जश्न

# बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

शिक्षा ही राष्ट्र के निर्माण का आधार है और ऐसे प्रतिभाशाली छात्र देश का उज्ज्वल भविष्य हैं : संदीप देसवाल



हांसी। बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक संदीप देसवाल, उनके साथ हैं स्कूल प्राचार्य अनुपम गोयल।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

आरपीएस पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को बोर्ड की 10वीं व 12वीं में उत्कृष्ट सम्मान प्रदर्शन कर अपने विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों के साथ उनके अभिभावकों को भी विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यालय के टॉपर छात्रों व अभिभावकों को पगड़ी पहना कर व स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार भेंट किए गए।

यह जानकारी देते हुए स्कूल प्राचार्य अनुपम गोयल ने बताया कि 10वीं कक्षा में सकीना दलाल ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, योगेश ने 98.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय व साक्षी ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया, वहीं 12वीं कक्षा में विज्ञान मेडिकल संकाय में आर्यन व महक पान्नु ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, अनन्या ने 95.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व पारूल ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विज्ञान नॉन मेडिकल संकाय मे योगेश कुमार ने 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, दिक्षु यादव ने 93.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व दीपांशु दुहन ने 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं कला संकाय से रितिका ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, वर्निका शर्मा ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व मुस्कान ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में अंकिता ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, सोनम ने 90. प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व मुस्कान ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त तृतीय स्थान के साथ विद्यालय का गौरव बढ़ाया। समारोह के मुख्य अतिथि संस्था के प्रबन्धक संदीप देसवाल ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र के निर्माण का आधार है और ऐसे प्रतिभाशाली छात्र देश का उज्ज्वल भविष्य हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका ललिता सेठी ने किया।



मोना



मुस्कान



कोमल

### ज्ञानेश्वर स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**हांसी।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी किए गए 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सैन्ट ज्ञानेश्वर सीनियर सैकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में अद्वितीय अंक प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता का परिचय देते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल प्राचार्य सतीश वर्मा ने बताया कि सत्र 2024-25 में 12वीं कक्षा के 42 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा दी थी जिसमें से 15 विद्यार्थियों ने बोर्ड मैरिट प्राप्त की तथा 24 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से पास हुए। उन्होंने बताया कि स्कूल छात्रा मोना ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम, मुस्कान ने 90 तथा कोमल ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्राचार्य सतीश वर्मा ने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन व शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन का परिणाम है। यह गौरव और प्रतिष्ठा हमारे छात्रों के निरन्तर प्रयास, अथक परिश्रम से मिली है। विद्यार्थियों ने शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है।

## अग्रोहा मेडिकल में प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया



हिसार। प्रशिक्षण में जानकारी लेते विद्यार्थी।

- 1500 से अधिक विद्यार्थियों को दिया व्यक्तिगत प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए ओपी जिंदल सभागार में दो दिवसीय आपातकालीन चिकित्सा प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। सत्र के पहले दिन 1500 से अधिक मेडिकल छात्रों को कार्डियोपल्मोनरी पुनर्जीवन (सीपीआर) का हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एमबीबीएस, नर्सिंग और पैरामेडिकल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह व्यापक प्रशिक्षण सत्र कॉलेज के सभागार और कौशल प्रयोगशालाओं में आयोजित किया गया, जहां अनुभवी चिकित्सकों और प्रशिक्षकों की टीम ने विद्यार्थियों को विभिन्न ग्रुप्स में बांट कर सीपीआर की बुनियादी तकनीकों और जीवन रक्षक उपायों का प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रत्येक ग्रुप के प्रत्येक विद्यार्थी को चिकित्सकों की निगरानी में डमी पर व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया, जिससे वे आपातकालीन स्थितियों में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करने के लिए आत्मविश्वास और कौशल विकसित कर सकें। इस अवसर पर कॉलेज के प्रशासनिक निदेशक डॉ. आशुतोष शर्मा ने कहा कि हमारा संस्थान छात्रों को न केवल उत्कृष्ट चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि उन्हें जीवन रक्षक कौशल से युक्त करने के लिए भी तत्पर है। सीपीआर का ज्ञान प्रत्येक चिकित्सा पेशेवर के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### नो पार्किंग के नाम पर हो रही वसूली

**हिसार।** लघु सचिवालय में नो पार्किंग के नाम चालान कटवाने की बजाय वसूली करने का मामला सामने आया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गुरुवार को एक मोटरसाइकिल चालक से नो पार्किंग के नाम पर 100 रुपये वसूल लिए गए। हालांकि पहले 150 रुपये मांगे गए थे। यह मामला नगराधीश हरिराम तक पहुंच गया है और उन्होंने इस मामले में कड़ा संज्ञान लेनी की बात कही है। आदमपुर एरिया का एक युवक हिसार में किसी कार्य से आया हुआ था। उसने अपना मोटरसाइकिल पार्किंग एरिया से बाहर खड़ा कर दिया था। ऐसे में पार्किंग ठेकेदार के कारिंदों ने लोहे की बेल बांधकर अपने कब्जे में ले लिया।

## श्रद्धा के साथ मनाया शहीद सुखदेव का जन्मदिवस

- शहीदों की वजह से आज हम खुली हवा में सांस ले रहे : प्रवीण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी



हांसी। शहीद सुखदेव सिंह के जन्मदिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते समिति सदस्य

शहीद भगत सिंह संगठन समिति द्वारा बृहस्पतिवार को बजरंग आश्रम में अमर शहीद सुखदेव थापर की 118वीं जयंती किशोरी लाल नागपाल के नेतृत्व में श्रद्धा पूर्वक मनाई। कार्यक्रम के शुभारंभ पर 2 मिनट का मौन रखकर शहीद सुखदेव सिंह की आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरदार राजू बत्रा व चेयरमैन प्रवीण ऐलावादी ने शिरकत की।

इस अवसर पर चेयरमैन प्रवीण ऐलावादी ने कहा कि इन अमर शहीदों की वजह से ही आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे है और अपना जीवन जी रहे है तथा भारत की सीमाओं पर जो सैनिक दिन-रात तैनात है और उनकी वजह से हम अपने घरों में रात को चैन से सो पा रहे है। इस अवसर पर हंसराज खेत्रपाल, कंवल किशोर शास्त्री, हमेश खुराना, प्रधान शमां मल्होत्रा, प्रधान सुमन भाटोल, पूनम तनेजा, हरबंस नागपाल, डॉ. मुन्ना अरोड़ा, फतेह सिंह गुर्जर, अजय भारद्वाज, सन्नी नायक, रामस्वरूप खट्टर, रमेश, फौजी जोगी राम, फौजी प्यारे लाल, संजय मुंजाल, राजकुमार, प्रेम गुलाटी, देसराज सोनी, हरीश आदि मौजूद थे।

## विद्यार्थी अपना लक्ष्य तय करके कर सकते हैं देश के भविष्य का निर्माण : आचार्य

- राजकीय विद्यालय भैणी अमीरपुर में मनाया शालीनता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौंद




नारनौंद। स्कूल की तरफ से मुख्य अतिथि आचार्य समर्पित को सम्मानित करते हुए स्कूल के प्राचार्य व अन्य।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भैणी अमीरपुर के प्रांगण में प्राचार्य रमेश कुमार की अध्यक्षता में शालीनता दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य सहदेव समर्पित ने शिरकत की। उन्होंने आधुनिक युग में मानवता का महत्व विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यार्थी अपने उद्देश्य को निर्धारण कर कठिन परिश्रम से सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उच्च शिक्षा ही व्यक्ति के व्यवहार में परिवर्तन कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देती है।

विद्यार्थियों को चाहिए कि वह हमेशा अच्छे गुणों को ग्रहण कर, सामाजिक परिवर्तन से राष्ट्र को प्रगति पथ पर अग्रसर करें और विजय की एक-एक ईंट से राष्ट्र के विकास के आधार को सुदृढ़ करें। विद्यालय के प्राचार्य रमेश ने भी विद्यार्थियों को सफलता के मूलमंत्र दिए।

## गोपुत्र संपत की पुण्यतिथि वैदिक हवन कर मनाई

- गांव बालावास स्थित पैतृक आवास पर वैदिक हवन का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार। गोपुत्र संपत की पांचवीं पुण्यतिथि पर हवन करते परिजन व संगठन के सदस्य।

गौसेवार्थ मिशन "एक रुपया-एक रोटी" क्रांतिकारी वैचारिक संगठन गौपुत्र सेना संस्थापक गौलोकवासी गौपुत्र संपत सिंह की पांचवी पुण्यतिथि पर उनकी जन्मभूमि गांव बालावास स्थित पैतृक आवास पर वैदिक हवन किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि गोरक्षा के लिए हम सदैव तैयार हैं। हरयाणा राज्य गौशाला संघ प्रदेशाध्यक्ष शमशेर आर्य ने कहा गौपुत्र सम्पत सिंह के नेतृत्व में जो गौपुत्र सेना द्वारा कार्य किया गया वह अतुलनीय है। इस मौके पर गौपुत्र सेना के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सुनील क्रांतिकारी, बीरमती, सत्य प्रकाश शास्त्री, ज्योति कौशिक, धर्मवीर, एडवोकेट शीतल कुमार, बलवान सिंह, सरस्वती, हंसराज व बेटी साधना सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## पीडब्ल्यू विद्यापीठ की छात्रा पवनी ने 99.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

- सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में पाई उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार




हिसार। पत्रकारों से बात करती पवनी और संस्थान पदाधिकारी।

एजुकेशन कंपनी फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) के टेक-सक्षम ऑफलाइन केंद्र पीडब्ल्यू विद्यापीठ ने अपनी छात्रा पवनी की उपलब्धि का जश्न मनाया, जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 2025 में 99.20% अंक प्राप्त किए। हिसार की निवासी पवनी की यात्रा अत्यंत प्रेरणादायक रही है।

पत्रकारों से इस सफलता के बारे में बात करते हुए पवनी ने कहा कि मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा हमेशा से मेरे माता-पिता को मुझ पर गर्व महसूस कराना रही है। उनका लगातार समर्थन ही मुझे आगे बढ़ाता रहा, और जब भी समय कठिन हुआ, पीडब्ल्यू विद्यापीठ के शिक्षकों और सीनियर्स से बातचीत ने मुझे आगे बढ़ने की हिम्मत दी। अब जब मैं इंजीनियर बनने के सपने के साथ जेईई की तैयारी शुरू कर रही हूं, तो बोर्ड परीक्षा से सीखी गई सारी बातें मेरे साथ हैं। फिजिक्सवाला के संस्थापक, शिक्षक और सीईओ अलख पांडे ने पवनी की सफलता पर बधाई दी।

## ट्रैफिक पुलिस ने मोठ स्कूल के छात्रों को किया जागरूक



नारनौंद। गांव मोठ के सरकारी स्कूल में छात्रों को जागरूक करते हुए सब इंस्पेक्टर रामनिवास व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौंद

ट्रैफिक इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रामनिवास व एएसआई दीपक ने वीरवार को गांव मोठ के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया और ट्रैफिक नियमों की पालना करने की शपथ भी दिलाई। सब इंस्पेक्टर रामनिवास व एएसआई दीपक कुमार ने कहा कि यदि हम सुरक्षित रहना चाहते हैं तो हमे ट्रैफिक नियमों की पालना भी करनी होगी। हम सब यातायात नियमों की पालना करते हुए खुद को सुरक्षित रखने के साथ-साथ दूसरों को भी सुरक्षित रख सकते है।

## मोक्ष वृद्धाश्रम में विश्व परिवार दिवस पर बुजुर्गों से अनुभव किए साझा

- कई सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार। मोक्ष वृद्धाश्रम में उपस्थित पदाधिकारी व बुजुर्ग।

सेवा की मिसाल कायम करने वाले मोक्ष वृद्धाश्रम में विश्व परिवार दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कुछ सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने मोक्ष वृद्धाश्रम में पहुंचकर बुजुर्गों के साथ विचार साझा किए और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान बुजुर्गों ने अपने अनुभव भी साझा किए। संस्थाओं के सदस्यों ने मोक्ष वृद्धाश्रम का अवलोकन करने के उपरांत बुजुर्गों की दिनचर्या को समझा। मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक समाजसेवी माता पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु नेकहा कि कैमरी रोड स्थित मोक्ष वृद्धाश्रम बुजुर्गों का एक विशाल परिवार है। यहां अपनेपन व सहृदयता से बुजुर्गों की सेवा व संभाल की जाती है और उन्हें भरपूर सम्मान भी मिलता है। बुजुर्गों को समाज की मुख्यधारा से जोड़े रखने के लिए विभिन्न कार्यक्रम भी किए जाते हैं। समय-समय पर धार्मिक, सामाजिक व शैक्षणिक संस्थाओं के पदाधिकारी, सदस्य, कार्यकर्ता व विद्यार्थी भी मोक्ष वृद्धाश्रम में पहुंचकर बुजुर्गों के साथ समय बिताते हैं।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल की कैद

**हिसार।** नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने पटेल नगर के दीपक को 20 साल की कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में 2 दिसंबर 2021 को 6 पॉक्सो और विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था।

आरोपी ने घटना वाले दिन नाबालिग लडक़ी को एक जगह ले जाकर गलत काम किया था। पीड़िता ने परिजनों को मामला बताया था। तब मामला पुलिस तक पहुंचा था। पुलिस ने पीड़िता को सरकारी अस्पताल में ले जाकर उसकी मैडीकल जांच कराई थी। रिपोर्ट में उससे गलत काम होने की पुष्टि हुई थी।

### जिंदल स्टेनलेस ने प्रोजेक्ट प्रगति की घोषणा की

## सप्लाई चेन डिजिटलीकरण परियोजना शुरू

- विनिर्माण संयंत्र में कास्टिंग से लेकर फिनिशिंग तक की उत्पादन प्रक्रिया होगी स्वचालित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



अभ्युदय जिंदल

जिंदल स्टेनलेस ने प्रोजेक्ट प्रगति के शुभारंभ की घोषणा की। यह एक अग्रणी डिजिटल परिवर्तन पहल है, जिसका उद्देश्य हिसार स्थित विनिर्माण संयंत्र में कास्टिंग से लेकर फिनिशिंग तक की उत्पादन प्रक्रिया को स्वचालित बनाना है।

स्टेनलेस स्टील और स्टील उद्योग में अपनी तरह का पहला प्रोजेक्ट प्रगति, डसॉल्ट सिस्टम्स के डेलमिया एप्लिकेशन के ज़रिए उन्नत प्लानिंग और एक्जीक्यूशन टेक्नोलॉजी को जोड़ता है। इसमें कैपजेमिनी को इम्प्लीमेंटेशन पार्टनर के रूप में शामिल किया गया है। इस पहल का उद्देश्य उत्पादन क्षमता को तेज़ी से बढ़ाना और ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाना है।

प्रगति परियोजना के लागू होने से ग्राहकों को मौजूदा अवधि से पहले डिलीवरी मिलने की संभावना 10-15 प्रतिशत तक बढ़ेगी, जिससे डिलीवरी प्रदर्शन में महत्वपूर्ण सुधार होगा। यह परियोजना पिछले समय के आंकड़ों के आधार पर उपयुक्त इन्वेंट्री स्तर बनाए रखने में मदद करेगी, जिससे ग्राहक संतुष्टि में भी वृद्धि होगी।

साथ ही प्रगति रियल-टाइम ट्रैकिंग और स्मार्ट तरीके से संसाधनों के आवंटन के जरिए इन्वेंट्री लागत को 8-10 प्रतिशत तक कम करेगी। इसके अलावा, यह डिजिटल सॉल्यूशन उपकरणों की लोडिंग और रूट ऑप्टिमाइजेशन की बेहतर जानकारी देकर लगभग 5 प्रतिशत तक क्षमता उपयोग को भी बढ़ाएगा। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने जानकारी देते हुए कहा कि हमारे हिसार यूनिट में प्रगति की शुरुआत हमारे डिजिटल नवाचार के माध्यम से अपनी वैल्यू चेन को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दूसरे चरण में, हमारा उद्देश्य इसे हमारे जाजपुर संयंत्र में लागू करना है, जो हमारे विनिर्माण प्रणालियों और मशीनों से सीधे प्रक्रिया मापदंडों का रियल-टाइम में एकत्र करने की सुविधा प्रदान करेगा। तीसरे चरण में पूरी सप्लाई चेन का स्वचालन करने में सक्षम बनाएगा।